दिनांकः 12.09.2024        समय : 18.30 पीएम

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में तरंग शक्ति युद्धाभ्यास देखा– कहा–भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के साथ–साथ करीब 90 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा हैं

राज्य के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश–धौलपुर के गोगली गांव में मकान ढहने से दो मासूमों की मौत –कई बांधों से अतिरिक्त पानी की निकासीं

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगें

पचपदरा में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना क्षेत्र में करीब 81 प्रतिशत काम पूरां

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ रहा हैं उन्होंने कहा कि लाइट कॉम्बेट एयरक्राफट से लेकर कई तरह के उपकरण आज देश में ही स्वदेशी तकनीक से बनाये जा रहे हैं श्री सिंह जोधपुर में आयोजित वायुसेना के 'तरंग शक्ति' युद्धाभ्यास के दौरान आयोजित एयर शो के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थें श्री सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में केवल आत्मनिर्भर नहीं हो रहा है बल्कि करीब 90 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात भी कर रहा हैं

...................

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसे युद्धाभ्यास मित्र देशों के बीच आपसी सहयोग और तालमेल को बढावा देते हैं साथ ही यह भरोसा भी होता है कि आवश्यक होने पर वे एक–दूसरे के साथ खड़े रहेंगें उन्होंने कहा कि सीखते रहने की प्रवृत्ति से ही मानव सभ्यता का भी विकास होता हैं ऐसे में साथी राष्ट्रों से सीखना बहुत जरूरी हैं उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में तकनीक बहुत तेजी से बदल रही है इसलिए कॉलेबरेटिव एप्रोच के साथ सीखना समय की जरूरत हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि रक्षा मंत्री की उपस्थिति में आयोजित एयर शो में वायु सेना के विमानों ने अपनी क्षमता और शक्ति का प्रदर्शन कियां

000

राज्य के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ हैं पिछले 24 घंटों में राजाखेड़ा, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, अकलेरा, और मनिया में बहुत भारी बारिश हुई हैं इसके अलावा 30 कस्बों और शहरों में भारी बरसात दर्ज की गई हैं

धौलपुर जिले में लगातार बारिश के कारण सैपउ उपखण्ड के गोगली गांव में एक मकान ढहने से दो मासूमों की मौत हो गई हादसे में 4 लोग घायल हो गये जिन्हें धौलपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं जिले में चम्बल का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, वहीं पार्वती नदी में पानी की भारी आवक के बाद बांध के गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही हैं करौली के पांचना बांध से भी अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा हैं भरतपुर में लगातार बारिश से कई मार्ग अवरूद्ध हैं

.......................

तेज बरसात, जल भराव और मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी के मद्दे नजर कई जिलों के स्कूलों में विद्यार्थियों के लिये अवकाश घोषित किया गया हैं इस बीच मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी चौबीस घंटों में पूर्वी जिलों में कई स्थानों पर भारी और बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं

.........................

राष्ट्रीय पोषण माह अभियान में राजस्थान देश में 8वीं पायदान पर चल रहा हैं महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने ये जानकारी दीं वे जयपुर से वीसी के माध्यम से जिला उपनिदेशकों और सीडीपीओ के साथ "राष्ट्रीय पोषण माह–2024" की समीक्षा बैठक में बोल रहे थें श्री सोनी ने जयपुर, जोधपुर और उदयपुर सहित बड़े जिलों को बेहतर प्रदर्शन के निर्देश दिएं उन्होंने प्रदर्शन तालिका में अंतिम पांच जिलों बांसवाड़ा, टोंक,बाड़मेर, करौली और नागौर को भी प्रदर्शन सुधारने को कहा ताकि प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर पहले पांच राज्यों में शामिल हो सकें आईसीडीएस के निदेशक ओ पी बुनकर ने बताया कि पूरे प्रदेश में अभियान को उत्साह पूर्वक चलाया जा रहा हैं यह अभियान एक जन आंदोलन के रूप में उभर रहा हैं चूरू जिला पहले स्थान, अजमेर जिला दूसरा स्थान पर और हनुमानगढ़ जिला तीसरे स्थान पर हैं उन्होंने बताया कि महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रहे इस अभियान में एनीमिया, बच्चों की बढोतरी की निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी और पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान केन्द्रित किया जा रहा हैं राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज करौली के सायपुर में पोषण युक्त आहार की प्रदर्शनी लगाई गई और पोषण रैली निकाली गईं

..................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगें वे अजमेर जिले के बांदरसिंदरी में केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगें श्री धनखड़ विकसित भारत /2047 में उच्च शिक्षा की भूमिका विषय पर विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगें केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद वे वीर तेजाजी मंदिर सुरसुरा में दर्शन करेंगें उपराष्ट्रपति का नागौर जिले के खरनाल स्थित वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन का भी कार्यक्रम हैं श्री धनखड़ कल ही दिल्ली लौट जायेंगें

000

बालोतरा जिले के पचपदरा में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना क्षेत्र में करीब 81 प्रतिशत काम पूरा हो गया हैं खान और पैट्रोलियम सचिव टी. रविकांत ने समीक्षा बैठक में बताया कि रिफाइनरी की 10 प्रौसेस इकाइयों का 90 प्रतिशत से ज्यादा कार्य हो चुका हैं उन्होंने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स से पेट्रोल और डीजल के अलावा पेट्रोकेमिकल उत्पाद जैसे पॉली प्रोपलीन, ब्यूटाडीन, एलएलडीपीई, एचडीपीई, बेंजीन और टोलूइन के क्षेत्र में निवेश आयेगां इससे रोजगार और राजस्व में भी बढ़ोतरी होगीं

000

किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी ने आज सलूम्बर में किसान सम्मेलन में शिरकत कीं उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए सदैव तत्पर हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने का हर संभव प्रयास कर रही हैं

000

डीग जिले में किसानों को जैविक खेती के लिये प्रोत्साहित करने के वास्ते 75 वर्मीकम्पोस्ट इकाइयां स्थापित की जाएंगीं अतिरिक्त कृषि निदेशक देशराज सिंह ने बताया कि योजना के तहत किसानों को लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपए तक का अनुदान दिया जाएगां ऐसे किसान जिनके पास लगभग एक एकड़ जमीन है वे पास के ई–मित्र केंद्र पर जाकर या राज किसान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

इस योजना का उद्देश्य रासायनिक खाद से बंजर होती जमीन को बचाना और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाने के साथ किसानों की आय में बढोतरी करना हैं

000

पर्यटन मंत्रालय ने देश में सर्वाधिक पसंदीदा पर्यटक स्थलों की पहचान करने और उन्हें मिशन मोड में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने में आमजन की मदद लेने के लिये पहल की हैं ''देखो अपना देश, पीपुल्स च्वाइस 2024'' के तहत देश के आम लोग 5 पर्यटन श्रेणियों–आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत, प्रकृति और वन्यजीवन, साहसिक और अन्य पर्यटन स्थलों के बारे में वोट कर सकते हैं इसके लिए एक समर्पित पोर्टल इनोवेट इण्डिया डॉट माई जी ओ वी डॉट आई एन स्लैश देखो अपना देश पर 15 सितम्बर तक वोट किया जा सकता हैं इस वोटिंग के परिणामों से भारत के शीर्ष पर्यटन स्थलों को निर्धारित करने में मदद मिलेगी, जिन्हें प्रमुख हितधारकों से पर्याप्त समर्थन और निवेश प्राप्त होगां इससे मंत्रालय को कम ज्ञात पर्यटन स्थलों को समझने में भी मदद मिलेगी, जिन्हें लोग अब तक लोकप्रिय रहे पर्यटक स्थलों के अलावा भी देखना पसंद करेंगें इन स्थलों का मिशन मोड में विकास किया जायेगां

000

पेरिस पैरालंपिक से लौटे भारतीय दल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कीं इस बार भारतीय एथलीटों ने टोक्यो के रिकॉर्ड प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए पैरालंपिक में देश के लिए अब तक के सर्वाधिक पदक जीतकर इतिहास रच दियां भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदक प्राप्त किये और पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल कियां

000

जैसलमेर के रामदेवरा में बाबा रामदेव का भादवा मेला परवान पर हैं आगामी 14 सितम्बर को मेले का समापन हो जाएगां मेले का समापन नजदीक आने के साथ ही जातरूओं की संख्या में लगातार बढोतरी हो रही हैं राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रामदेव जयन्ती और तेजा दशमी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं

000